






नवभारत
इंदौर, गुरुवार, 12 फरवरी 2026




## एक नजर में

### सीतामऊ रोजगार मेले में 132 युवाओं का हुआ पंजीयन, 82 का हुआ प्राथमिक चयन

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जनपद पंचायत परिसर सीतामऊ में विकासखंड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. प्रभांशु कुमार सिंह एवं जनप्रतिनिधियों ने किया। रोजगार मेले में कुल 132 युवाओं ने पंजीयन कराया, जिनमें से 82 युवाओं का प्राथमिक रूप से चयन किया गया। एसआईएस सुरक्षा भर्ती के अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले के पांचों विकासखंडों में मेले का आयोजन पूर्ण होने के पश्चात सुरक्षा भर्ती में चयनित यूवाओ की संख्या पृथक से प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को विभिन्न रोजगार अवसरों की जानकारी प्रदान की गई तथा उन्हें स्वरोजगार एवं कौशल विकास योजनाओं से भी अवगत कराया गया। फोटो स्ष्ठ-2

### पशुपतिनाथ मंदिर परिसर स्थित आराधना हॉल में होंगी लोक गायन-भक्ति गायन एवं नृत्य नाटिका की प्रस्तुति

**मंदसौर।** संस्कृति विभाग, म.प्र. शासन एवं जिला प्रशासन मंदसौर द्वारा पशुपतिनाथ मंदिर परिसर स्थित आराधना हॉल में शिव-सत्य की कला अभिव्यक्तियों पर एकाग्र 'महादेव महोत्सव' का आयोजन 15 फरवरी, 2026 को सायं 6.30 बजे से किया जाएगा। समारोह में लोक गायन, शिव केंद्रित नृत्य नाटिका एवं भक्ति गायन की प्रस्तुतियाँ संयोजित की जाएंगी। महोत्सव में पहली प्रस्तुति इंदौर के मुकेश चौहान एवं साथी कलाकारों के लोक गायन की होगी। इसके पश्चात देवास के प्रफुल्ल सिंह गहलोत एवं साथी कलाकार शिव केंद्रित नृत्य नाटिका पेश करेंगे। अंतिम सभा में भोपाल के अखिलेश तिवारी एवं साथी कलाकार भगवान शिव पर केंद्रित भक्ति गायन की प्रस्तुति देंगे।

### अधिवक्ता राजेंद्र सिंह सूर्यवंशी इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ ज्यूरिस्ट लंदन के मेंबर चुने गए

**मंदसौर।** इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ ज्यूरिस्ट लंदन के अध्यक्ष डॉ. आदेश सी. अग्रवाल ने सूप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता राजेंद्र सिंह सूर्यवंशी को इंटरनेशनल और



काउंसिल ऑफ ज्यूरिस्ट लंदन का है मेंबर नियुक्त किया है। सूर्यवंशी की नियुक्ति 2030 तक वैध होकर मान्य हुई। अधिवक्ता श्री सूर्यवंशी इससे पहले भी नेशनल व इंटरनेशनल अवॉर्ड से सम्मानित हो चुके हैं। इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ ज्यूरिस्ट लंदन में हेड ऑफिस है। इससे सूर्यवंशी अब देश ही नहीं विदेशों में निवासरत भारतीय मूल के लोगों के लिए कानूनी जागरूकता के कार्यक्रम व एनआरआई संबंधित विधिक डिस्प्यूट के संबंध में सेमिनार का आयोजन कर भाग में ले सकेंगे। श्री सूर्यवंशी अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट आफ इंडिया है, साथी आप मध्य प्रदेश शासन के शासकीय अधिवक्ता हाई कोर्ट इंदौर है, आप शासन की कहानी पेनलों में कार्य कर चुके हैं। अधिवक्ता राजेंद्रसिंह सूर्यवंशी लगभग 17 साल से उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में वकालत कर रहे है और साथ ही सुप्रीम कोर्ट आफ इंडिया में 14 साल से वकालत कर रहे हैं। आपने कहीं महत्वपूर्ण केस लड़े हैं और गरीबों को न्याय दिलाया है। श्री सूर्यवंशी मंदसौर के स्थाई निवासी हैं। वर्तमान मे इंदौर और सुप्रीम कोर्ट में वकालत करते हैं, उनकी इस उपलब्धि पर हाई कोर्ट अधिवक्ता मनीष यादव अध्यक्ष हाई कोर्ट बार एसोसिएशन इंदौर, मनीष गडकर सचिव हाई कोर्ट बार एसोसिएशन इंदौर, हाई कोर्ट अधिवक्ता लोकेंद्र सिंह झाला, रघुवीर सिंह पवार अध्यक्ष जिला जिला अभिभाषक संघ मंदसौर, अधिवक्ता महेश शर्मा, अधिवक्ता अधिवक्ता गोपाल कुमावत, अधिवक्ता पंकज भमोलिया आदि अधिवक्ता बधाई दी। अधिवक्ता राजेंद्र सिंह सूर्यवंशी ने आदेश सी.जी.अग्रवाल अध्यक्ष इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ ज्यूरिस्ट एवं पूर्व अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन नई दिल्ली का हार्दिक आभार माना।

## द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में सातवीं बार मनेगा महाशिवरात्रि उत्सव




**मंदसौर।** स्नेह नगर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में इस वर्ष महाशिवरात्रि का महापर्व अत्यंत भव्यता के साथ मनाया जाएगा। महिला भक्त मित्र मंडल समिति और क्षेत्रीय नागरिकों के सहयोग से आयोजित होने वाले इस सातवें वार्षिकोत्सव में भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। इस तीन दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ 13 फरवरी को दोपहर 2 बजे हल्दी की रस्म के साथ होगा, जिसमें सभी महिला भक्त पीली वेशभूषा में उपस्थित रहकर मंगल गीत गाएंगी। अगले दिन 14 फरवरी को दोपहर 2 बजे मेहंदी की रस्म निभाई जाएगी, जिसके लिए हरी साड़ी का ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है। इसी दिन रात्रि 8 बजे भव्य महिला संगीत का आयोजन होगा, जिसमें भजन और गीतों पर प्रस्तुति देने वाले बच्चों और बड़ों का चयन अरुणा मिश्रा मेडम सलाहकार संयोजक द्वारा किया जा रहा है।

महाशिवरात्रि के मुख्य दिन यानी 15 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक विशेष अभिषेक और हवन संपन्न होगा। शाम 4 बजे बाबा की आकर्षक 'बनोली बारात' निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण कर पुन: मंदिर पहुंचेगी। शाम 5 बजे से 7 बजे तक बाबा का विशेष चमत्कारी श्रृंगार किया जाएगा, जिसके चलते इस समय जलाभिषेक प्रतिबंधित रहेगा। शाम 7:30 बजे भक्तों का एकत्रीकरण होगा और ठीक 7:40 बजे महाआरती का आयोजन किया जाएगा।

इस महापर्व का विशेष आकर्षण यहाँ वितरित होने वाली महाप्रसादी है, जिसमें 251 लीटर दूध की ठंडाई और 151 किलो साबूदाने की खिचड़ी श्रद्धालुओं में बांटी जाएगी। मंदिर समिति की अध्यक्ष नीलम शर्मा ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर सपरिवार पधारकर चमत्कारी बाबा महादेव के दर्शन करें और महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त करें। समिति ने आने वाले सभी भक्तों के लिए सम्मानपूर्वक प्रसादी वितरण और सुगम दर्शन की विशेष व्यवस्था की है। उक्त जानकारी मंदिर मीडिया प्रभारी किरण शर्मा ने दी।



## भाजपा ने 21 मंडलों में मनाई पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

**मंदसौर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में जिला मुख्यालय मंदसौर सहित जिले के 21 मंडलों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि सेवा और समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई।

जिला मुख्यालय स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षाविद् रमेशचंद्र चंद्रे ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक आधारशिला हैं। उन्होंने एकात्म मानववाद के सिद्धांत के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की भावना पहुंचाने का मार्ग दिखाया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से उनके जीवन व सिद्धांतों को आत्मसात कर गरीब, शोषित एवं वंचित वर्ग की सेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि समर्पण दिवस के अवसर पर प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप समर्पण निधि एकत्रित कर प्रदेश कार्यालय भेजी जाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिले के सभी कार्यकर्ता लक्ष्य पूर्ति में सफल होंगे। इस अवसर पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## गरोठ में 109.8 लाख की सीसी रोड का भूमि पूजन

**गरोठ।** नगर परिषद अध्यक्ष के नेतृत्व में बुधवार को नगर में विकास कार्यों के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 में अस्पताल चौराहे से खड़ावदा रोड स्थित आम वाली पुलिया तक डिवाइडर सहित शेष सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इस कार्य की अनुमानित लागत 109.8 लाख रुपये है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी गिरीश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त सीसी रोड का निर्माण शीघ्र पूर्ण किया जाएगा, जिससे नगरवासियों को आदर्श सीसी रोड की सौगात मिलेगी। उन्होंने बताया कि नगर के समग्र विकास के लिए परिषद निरंतर प्रयासरत है।

साथ ही नगर परिषद के ट्रेंचिंग ग्राउंड पर सौंदर्यीकरण योजना के अंतर्गत आगामी वृहद वृक्षारोपण को ध्यान में रखते हुए जल आवश्यकता की पूर्ति हेतु ट्यूबवेल निर्माण कार्य भी सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया, उपाध्यक्ष महेश मालवीय, सीएमओ गिरीश शर्मा, लोकनिर्माण सभापति सतीश गुजराती, पार्षद प्रतिनिधि धर्मेन्द्र शर्मा, सभापति एवं पार्षद राजू मगर, उपयंत्री राहुल गणावा, आशीष दायमा, ठेकेदार राजेंद्र भलवारा, राजेश सुराणा, लक्की दानगढ़ सहित निकाय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

**एक नजर** — श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री बड़े बालाजी मंदिर पर होंगे अनेक आयोजन

## स्व.पं. रामनारायण शर्मा काव्य अलंकरण सम्मान समारोह

**मन्दसौर। श्री बड़े बालाजी मंदिर बस स्टेण्ड पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव पर 28 मार्च से 19 अप्रेल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस दौरान आयोजित अ.भा. कवि सम्मेलन में स्व. पं. रामनारायण शर्मा काव्य अलंकरण सम्मान भी प्रदान किया जाएगा।**

उक्त आयोजन की जानकारी देते हुए मंदिर समिति के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा व प्रवक्ता रवि ग्वाला ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में दिनांक 29 मार्च रविवार दोपहर 12 बजे से भव्य सुन्दरकाण्ड (हरिभक्त मण्डल उज्जैन) द्वारा संगीतमय सुन्दरकाण्ड की प्रस्तुति होगी और दिनांक 2 अप्रैल गुरुवार हनुमान जन्मोत्सव को सायं 7 बजे विशाल शाही महाआरती होगी। महाआरती के दौरान मंदसौर के 151 ढोल, कोटा बुंदी की शहनाई, अजयमेरू के ढोल, उज्जैन की पुष्पवर्षा व आतिशबाजी, तोप व नगाड़े और भव्य रंगारंगा आतिशबाजी और जानेमाने ख्यातनाम 501 कलाकारों द्वारा वाद्ययंत्रों के साथ 251 दीपक से



भगवान बालाजी महाराज की भव्य महाआरती होगी व प्रसाद वितरण होगा। दिनांक 12 अप्रेल, शुक्रवार प्रात: 11 बजे से विशाल शाही महाभण्डारा बड़े बालाजी मंदिर परिसर बस स्टेण्ड मंदसौर में होगा जो शाम 4 बजे तक चलेगा। व दिनांक 18 अप्रेल, शनिवार को सायं 7 बजे से विराट कवि सम्मेलन का आयोजन बालाजी मंदिर परिसर पुराना बस स्टैंड पर होगा। जिसके सूत्रधार राष्ट्रीय कवि मुन्ना बैटरी होंगे। इस कवि सम्मेलन में देश के ख्यातनाम कवि काव्य पाठ करेंगे। इस दौरान स्व. श्री रामनारायण शर्मा काव्य अलंकरण सम्मान समारोह भी आयोजित होगा।

समिति अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा, अनिल कियावत विनय दुबेला, विनोद रूनवाल (ज्योतिष गुरू), विष्णु शर्मा, जितेन्द्र व्यास, राजाराम तंवर, चौथमल शर्मा, दिनेश जोशी, अनिल सुराह, हेमन्त सुराह, महेंद्रसिंह सिसौदिया, अनूप माहेश्वरी, मुकेश कुमावत, कपिल सोलंकी, सज्जनलाल खमेसरा, शिवशंकर सोलंकी, रवि ग्वाला आदि ने सभी मंदसौर नगर के सभी भक्तों एवं काव्य प्रेमियों से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।




## एक नजर में

### लोक निर्माण से लोक कल्याण तक जिले में पांच लोक सरोवर निर्मित



**नीमच।** प्रदेश शासन की मंशानुसार लोक निर्माण विभाग द्वारा जिले में लोक निर्माण से लोक कल्याण तक सड़क निर्माण में उपयोग मिट्टी एवं मुरम का उपयोग कर लोक सरोवरों का निर्माण किया जा रहा है। लोक सरोवरों के निर्माण से जल संचय होकर भूजल स्तर में वृद्धि हो सकेगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा नीमच जिले में हरवार, घसूण्डी, बिसलवास सोनगरा, चीताखेडा एंव महागढ़ में लोक सरोवरों का निर्माण किया गया है। प्रति लोक सरोवर लगभग 4 हजार घन मीटर जल संचय किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव ने बुधवार को कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण श्री अमित नार्गेश के साथ बुधवार को ग्राम घसूण्डी में लोक निर्माण सरोवर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और सरोवर निर्माण के लिए निकाली गई मिट्टी उसका उपयोग, लोक सरोवर में जल संचयन की मात्रा, जल भराव क्षमता आदि की जानकारी ली।

### अरनिया माली में आयुष शिविर संपन्न




**नीमच।** आयुष विभाग द्वारा अरनिया माली में बुधवार को निशुल्क आयुर्वेद निदान एवं चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, उदर रोग, विबंध, श्वास, कास, प्रतिश्याय, रक्त अल्पता, रक्तचाप, मधुमेह आदि बीमारियों की जांच कर, निशुल्क औषधियां वितरित की गई। छात्रों को स्वच्छता एवं पोषण के बारे मे जानकारी दी गई। शिविर में 35 छात्रों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. मदनलाल पाटीदार ने सेवाएं दी। इस मौके पर शिक्षक श्री दीपक शर्मा, श्री अतहर हुसैन, श्री पूरनलाल शर्मा, डॉ.सीमा पाटीदार भी उपस्थित थी।

### जमुनिया कलां में नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर



**नीमच।** आयुष विभाग अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर, जमुनिया कला में औषधालय परिसर में निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजित किया गया। शिविर में कुल 72 लाभार्थियों का पंजीयन कर, स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक परामर्श एवं उपचार किया गया। लाभार्थियों को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, पोषण परामर्श एवं आवश्यक औषधियां वितरित की गई।

## दिनदहाड़े चोरी का खुलासा, सीसीटीवी फुटेज से पहचान कर 3 आरोपी गिरफ्तार

**नीमच। नीमच की शिक्षक कॉलोनी में दोपहर की सन्नाटे भरी घड़ी में जब घरों के दरवाजे बंद थे, उसी वक्त शातिर हाथों ने एक मकान को निशाना बनाया। पर किस्मत ने करवट ली और चंद घंटों में ही केंट पुलिस ने पूरी साजिश का पर्दाफाश कर तीनों युवकों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।**

**घटना का विवरण** – रविवार को फरियादी सुरेंद्र पटवा अपने निवास के आगे बने कार्यालय में कार्य कर रहे थे। मकान के मुख्य द्वार पर ताला लगा हुआ था। इसी दौरान पीछे के कमरे से खटपट की आवाज सुनाई दी, जिसने सन्नाटा तोड़ दिया। शंका होने पर वे मुख्य द्वार खोलकर बाहर निकले और पड़ोसी को आवाज दी। तभी मकान के पीछे से दो युवक तेजी से भागते दिखाई दिए। अंदर जाकर देखा तो घर का सामान बिखरा पड़ा था, अलमारी खुली हुई थी और पीछे का दरवाजा टूटा हुआ था।

घटना की सूचना तुरंत थाना नीमच केंट में दी गई। पुलिस ने अपराध क्रमांक 66/26 धारा 305-ए, 331(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।



**पुलिस की त्वरित कार्रवाई** – पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसौदिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक निलेश अवस्थी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में दो संदिग्ध युवक भागते हुए नजर आए।

मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया और हुलिए के आधार पर आरोपियों की पहचान मुकेश काछी और सोहिल, निवासी पशु हाट मैदान, नीमच के रूप में हुई। दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने वारदात स्वीकार कर ली। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि उनका तीसरा साथी संजय बागरी मोटरसाइकिल पर कुछ दूरी पर खड़ा इंतजार कर रहा था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे भी गिरफ्तार कर लिया।

### बरामदगी और आगे की कार्रवाई

गिरफ्तार आरोपियों में सोहिल (19), मुकेश काछी (19) और संजय बागरी (19) शामिल हैं। पुलिस ने चोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, वारदात में इस्तेमाल औजार तथा चोरी गया मशरूका भी जब्त कर लिया है। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस अब उनसे अन्य संभावित वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

**पुलिस की सक्रियता चर्चा में** -उल्लेखनीय है कि बीते 15 दिनों में थाना नीमच केंट पुलिस ने चैन स्नेचिंग और 50 हजार रुपये के बैग चोरी सहित कई मामलों का सफल खुलासा किया है। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से स्पष्ट है कि पुलिस अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सक्रिय रणनीति पर काम कर रही है। इस पूरी कार्रवाई ने एक संदेश जरूर दिया है नीमच में अब अपराध कर बच निकलना आसान नहीं।




## प्रदेश सहित नीमच में पीडीएस वितरण बंद, लाखों परिवार परेशान

▶ **तकनीकी खामी से थमा गरीबों का हक**

**नीमच।** पूरे प्रदेश के साथ नीमच जिले में भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की व्यवस्था बीते चार - पांच दिनों से पूरी तरह चरमराई हुई है। सर्वर डाउन होने के कारण उचित मूल्य की दुकानों पर लगी ओएस मशीनें काम नहीं कर रहीं, जिससे राशन वितरण ठप हो गया है। हालात ऐसे हैं कि कई दुकानों पर ताले लटके हैं और हितग्राही खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं।

फरवरी माह में अब तक जिले में केवल 15.07 प्रतिशत राशन ही वितरित हो सका है, जो व्यवस्था की गंभीर स्थिति को दर्शाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे अधिक परेशानी सामने आ रही है, जहां गरीब और जरूरतमंद परिवार रोजाना दुकान के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन तकनीकी खराबी के चलते उन्हें अनाज नहीं मिल पा रहा।

उपभोक्ताओं का कहना है कि महीने की शुरुआत में राशन न मिलने से घर का बजट बिगड़ गया है। कई परिवार ऐसे हैं जो पूरी तरह पीडीएस के अनाज पर निर्भर हैं। लगातार पांच दिनों से वितरण बंद रहने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

वही इस पुरे मामले में जिला खाद्य अधिकारी आरएन दिवाकर ने बताया कि सर्वर संबंधी समस्या पूरे प्रदेश में आ रही है। तकनीकी टीम समाधान के प्रयास में जुटी है, लेकिन व्यवस्था कब तक सामान्य होगी, यह स्पष्ट नहीं है।

फिलहाल जिले में लाखों परिवार इंतजार में हैं कि सर्वर कब चालू होगा और उन्हें उनका हक का राशन मिल पाएगा। तकनीकी खामी ने एक बार फिर व्यवस्था की निर्भरता और जमीनी चुनौतियों को उजागर कर दिया है।

**एक नजर** — 1076 वें जन्मोत्सव पर झूलेलाल भक्तों में उत्साह

## 15 फरवरी से शुरू होगा दस दिवसीय चेट्रीचंड महोत्सव

**नीमच।** सिंधी समाज के आराध्य वरुणदेव भगवान श्री झूलेलाल जी के 1076वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नीमच में दस दिवसीय चेट्रीचंड महोत्सव-2026 का भव्य आयोजन किया जाएगा। पूज्य सिंधी पंचायत समिति नीमच के तत्वाधान में महोत्सव का शुभारंभ 15 फरवरी, रविवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्री झूलेलाल जी की महाआरती के साथ होगा।

समिति के अध्यक्ष मुखी ईश्वर आहूजा एवं महासचिव महेश वर्धानी ने बताया कि स्थानीय श्री भाग्येश्वर महादेव मंदिर स्थित समिति कार्यालय पर समाज की विभिन्न संस्थाओं, महिला संगठनों एवं वरिष्ठ समाजजनों की बैठक में सर्वसम्मति से महोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। आयोजन की रूपरेखा तय करते हुए चेट्रीचंड़ उत्सव समिति का गठन कर दायित्वों का विभाजन भी किया गया।

उत्सव समिति के प्रमुख एवं समिति संरक्षक मनोहर अर्जनानी ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 फरवरी को प्रथम महाआरती श्री भाग्येश्वर महादेव मंदिर स्थित श्री



झूलेलाल मंदिर से आरंभ होगी। इसके बाद प्रत्येक रविवार सायं 6 बजे नगर के विभिन्न झूलेलाल मंदिरों में क्रमश: महाआरती और भजन-कीर्तन होंगे। 22 फरवरी को टीआईटी कॉलोनी, 1 मार्च को पूज्य श्री गुरुनानक देव गुरुद्वारा सिंधी पंचायत बघाना, 8 मार्च को तांगा अड्डा-जवाहर निवास तथा 15 मार्च को विकास नगर स्थित मंदिर में महाआरती आयोजित की जाएगी।

महोत्सव अंतर्गत 14 मार्च से प्रात: 10 बजे सात दिवसीय श्री पाठ साहब का शुभारंभ होगा। इसके साथ ही विशाल वाहन रैली और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

20 मार्च को मुख्य आयोजन होंगे, जिनमें भगवान श्री झूलेलाल जी का अभिषेक, ज्योत प्रज्वलन और भजन-कीर्तन के पश्चात सुसज्जित डोली में विराजित भगवान की भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण पर निकलेगी। शोभायात्रा भक्ति, श्रद्धा और सांस्कृतिक वैभव का अद्भुत संगम बनेगी। श्री भाग्येश्वर मंदिर पर भोग साहब, विशाल लंगर प्रसादी, ठंडाई वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरस्कार वितरण और सम्मान समारोह भी आयोजित होंगे। इस अवसर पर आकर्षक दरबार सजाया जाएगा, जहां श्रद्धालु दर्शन लाभ प्राप्त करेंगे। दस दिवसीय चेट्रीचंड़ महोत्सव-2026 की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आयोजन को लेकर सिंधी समाज में अभी से उत्साह और उमंग का माहौल है।